26

# महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय

पोस्ट हिंदी विश्वविद्यालय, गांधी हिल्स, वर्धा (महाराष्ट्र), भारत
Phone No. 07152-255686, Fax No. 07152-247602
Website: www.hindivishwa.org

## निविदा सूचना

सूचना क्र. : एम.जी.ए.एच.वी./04/परी/दी.स.स./2026/27/01 दिनांक: 27.03.2026

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि विश्वविद्यालय के छठवें दीक्षांत समारोह के अवसर पर बिछायत, प्रकाश, स्टेज ए.सी. एवं ध्वनिनिक्षेपण आदि व्यवस्था हेतु इच्छुक फर्मों से सीलबंद लिफाफों में निविदाएँ निम्नानुसार आमंत्रित की जाती हैं-

| क्र. | कार्य विवरण (16 अप्रैल, 2026 के लिए) | निविदा शुल्क | बयाना (ई.एम.डी.) राशि | निविदा जमा करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | बिछायत व्यवस्था | ₹500/- | ₹10,000/- | दिनांक 06.04.2026 पूर्वाह्न 10:00 बजे तक |
| 02 | स्टेज ए.सी., प्रकाश एवं ध्वनिनिक्षेपण आदि व्यवस्था | | ₹6,500/- | |

इच्छुक आवेदक सीलबंद लिफाफे में, निर्धारित प्रारूप में पूर्ण रूप से भरी हुई निविदा अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में निर्धारित तिथि एवं समय तक भेज सकते हैं। प्राप्त निविदाएँ उसी दिन पूर्वाह्न 10:30 बजे खोली जाएँगी।

**उपरोक्त के संदर्भ में सूचना की पूरी जानकारी विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.hindivishwa.org पर उपलब्ध है।**

कादर नवाज़
(कुलसचिव)
27/3/26

(25)

ज्ञान शांति मैत्री

# महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय

पोस्ट हिंदी विश्वविद्यालय, गांधी हिल्स, वर्धा (महाराष्ट्र), भारत

Phone No. 07152-230901, Website: www.hindivishwa.org

## दीक्षांत समारोह 2026 में आयोजित कार्यक्रम हेतु बिछायत, प्रकाश, स्टेज ए.सी. एवं ध्वनिनिक्षेपण आदि व्यवस्था हेतु निविदा फार्म

Tender Document for Hiring of Tent, Sound, Stage A.C. & Lighting Services etc. for Convocation 2026

निविदा सं. : एम.जी.ए.एच.वी./04/परी/दी.स.स./2026/27/01 दिनांक: 27.03.2026

| | | |
|---|---|---|
| निविदा फार्म के विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्धता की तिथि | : | 27.03.2026 से 06.04.2026 (प्रात: 09:00 बजे तक) |
| निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | : | 06.04.2026 (पूर्वाह्न 10:00 बजे तक) |
| निविदा खुलने की तिथि | : | 06.04.2026 (पूर्वाह्न 10:30 बजे) |

⇨ **निविदा की विस्तृत जानकारी एवं प्रपत्र विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.hindivishwa.org पर उपलब्ध है।**

**निविदा फार्म शुल्क राशि ₹ 500/-**

ज्ञान शांति मैत्री
# महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय
पोस्ट हिंदी विश्वविद्यालय, गांधी हिल्स, वर्धा (महाराष्ट्र), भारत

निविदा सं. : : एम.जी.ए.एच.वी./04/परी/दी.स.स./2026/27/01 दिनांक: 27.03.2026

## (1) बिछायत, प्रकाश, स्टेज ए.सी. एवं ध्वनिक्षेपण आदि व्यवस्था हेतु निविदा

विषयः महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय (म.गां.अं.हिं.वि.) के छठवें दीक्षांत समारोह (दिनांक:16 अप्रैल, 2026) के अवसर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम के लिए विश्वविद्यालय को बिछायत, प्रकाश, स्टेज ए.सी. एवं ध्वनिक्षेपण आदि व्यवस्था करवाने की आवश्यकता है। उक्त कार्य हेतु इच्छुक फर्मों से सीलबंद लिफाफों में निम्नानुसार निविदा आमंत्रित की जाती है –

| कार्य का प्रारूप | निविदा शुल्क | बयाना राशि (अर्नेस्ट मनी) | निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि एवं स्थान | निविदा खुलने की तिथि एवं स्थान |
|---|---|---|---|---|
| बिछायत व्यवस्था आदि | राशि ₹ 500/-(पाँच सौ रुपये मात्र) (वापस नहीं की जायेगी) | राशि ₹10,000/- (दस हजार रूपये मात्र) (ब्याज मुफ्त हस्तांतरणीय) | 06.04.2026 पूर्वाह्न 10:00 बजे कुलसचिव कार्यालय, म.गां.अं. हि.वि., वर्धा | 06.04.2026 पूर्वाह्न 10:30 बजे कुलसचिव कक्ष, म.गां.अं.हिं.वि., वर्धा |
| स्टेज ए.सी., प्रकाश एवं ध्वनिक्षेपण आदि व्यवस्था | | राशि ₹ 6,500/-(छः हजार पाँच सौ रुपये मात्र) (ब्याज मुक्त हस्तांतरणीय) | | |
| बयाना राशि (इ.एम.डी.) एवं निविदा शुल्क की प्रकृति | ❖ मात्र डिमांड ड्राफ्ट (डी.डी.) द्वारा, जो "वित्ताधिकारी, महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा" के पक्ष में देय होगा।<br>❖ निविदा शुल्क एवं बयाना राशि का डिमांड ड्राफ्ट कृपया अलग-अलग संलग्न करें। | | | |
| निविदाकर्ता के लिए आवश्यक सूचना | ❖ बिछायत व्यवस्था हेतु तथा प्रकाश एवं ध्वनिनिक्षेपण आदि व्यवस्था हेतु अलग-अलग बयाना राशि प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।<br>❖ निविदा सीलबंद हो।<br>❖ यदि निविदाकर्ता द्वारा प्रस्तुत निविदा में वास्तविक निविदा दस्तावेजों से किसी भी प्रकार की भिन्नता पाई गई, तो उक्त निविदा निरस्त कर दी जाएगी।<br>❖ निविदा उपस्थित निविदाकर्ता / वेंडर अथवा उनके प्रतिनिधि के समक्ष खोली जाएगी।<br>❖ अधोहस्ताक्षरी के पास बिना कारण बताए किसी भी निविदा को रद्द करने के समस्त अधिकार सुरक्षित हैं।<br>❖ निविदा खुलने के दिन भारत सरकार अथवा विश्वविद्यालय द्वारा अवकाश घोषित होने की स्थिति में निविदा प्राप्ति / प्रस्तुति एवं खुलने की अंतिम तिथि और समय अगला कार्य दिवस होगा। | | | |

**(कुलसचिव)**

**(2) निविदा की शर्तें एवं स्थितियाँ:**

1. महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय द्वारा **अनुलग्नक (Annexure)- III** के अनुसार व्यवस्था हेतु इच्छुक फर्मों से दिनांक 06.04.2026 पूर्वाह्न 10:00 बजे तक सीलबंद निविदाएं निम्नांकित पते पर हाथों-हाथ (by hand) अथवा पंजीकृत डाक / स्पीड पोस्ट द्वारा आमंत्रित की जाती है

   कुलसचिव
   महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय
   पोस्ट हिंदी विश्वविद्यालय, गांधी हिल्स वर्धा 442 001 (महाराष्ट्र)

2. निविदा दो भागों में दी जानी आवश्यक है- **(1) तकनीकी निविदा (2) वित्तीय निविदा।**
   - **तकनीकी निविदा** : तकनीकी निविदा वाले लिफाफे में फर्म से संबंधित सभी विवरण, सभी तरह के नामांकन संबंधी प्रपत्र यथा फर्म का नामांकन, जी.एस.टी. पैन प्रमाणपत्र, विधिवत भरा हुआ ब्यौरा **अनुलग्नक (Annexure)- 1. अनुलग्नक (Annexure)- II** के अनुसार, निविदा शुल्क एवं इ.एम.डी. का डी.डी. तथा फर्म के कार्यानुभव का प्रमाणपत्र आदि वांछनीय दस्तावेज होना आवश्यक है।
   - **वित्तीय निविदा**: वित्तीय निविदा वाले लिफाफे में **अनुलग्नक (Annexure)- III** के अनुसार विधिवत भरा हुआ ब्यौरा रखकर इस लिफाफे के दोनों सिरों को सील एवं हस्ताक्षरित कर निम्नानुसार अलग-अलग निविदा प्रस्तुत करनी होगी:
   - बिछायत व्यवस्था आदी से संबंधित निविदा के ऊपर **"बिछायत व्यवस्था हेतु निविदा"** लिखा हो।
   - प्रकाश, स्टेज ए.सी. एवं ध्वनिक्षेपण व्यवस्था से संबंधित निविदा के ऊपर **"प्रकाश, स्टेज ए.सी. एवं ध्वनिक्षेपण व्यवस्था हेतु निविदा"** लिखा हो।
   - तत्पश्चात तकनीकी एवं वित्तीय निविदा एक बड़े लिफाफे में रखकर लिफाफे पर यदि सिर्फ बिछायत व्यवस्था के लिए आवेदन के इच्छुक हों तो **"बिछायत व्यवस्था आदि के लिए निविदा"**, तथा सिर्फ प्रकाश, स्टेज ए.सी. एवं ध्वनिक्षेपण व्यवस्था के लिए आवेदन के इच्छुक हों तो **"प्रकाश,स्टेज ए.सी. एवं ध्वनिक्षेपण आदि व्यवस्था के लिए निविदा"** और दोनों व्यवस्थाओं के लिए आवेदन के इच्छुक होने पर **"बिछायत तथा प्रकाश, स्टेज ए.सी. एवं ध्वनिक्षेपण आदि व्यवस्था हेतु निविदा, अंतिम तिथि 06.04.2026"** स्पष्ट लिखा हो।

3. बिंदु 2 के अनुसार समस्त सीलबंद निविदाएँ दिनांक 06.04.2026 को पूर्वाह्न 10:00 बजे कुलसचिव कक्ष, महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा में उपस्थित निविदाकर्ताओं के समक्ष खोली जाएँगी। निविदाकर्ता अथवा उनके प्रतिनिधि के उपस्थित न होने की स्थिति में कुलसचिव के समक्ष समस्त निविदाओं को खोला जाएगा।

4. कोटेशन में दरें, जी.एस.टी., ढुलाई एवं वाहन भाड़ा, बीमा तथा व्यवस्थानुरूप सामग्री लगवाने आदि समस्त खर्चों सहित शामिल करें। कोटेशन के अतिरिक्त, किसी भी तरह का अतिरिक्त भुगतान देय नहीं होगा।

   GST का स्पष्ट रूप से उल्लेख किया जाना चाहिए। **यदि GST का अलग से उल्लेख नहीं होगा, तो प्रस्तुत दर में ही GST राशि सम्मिलित मानी जाएगी।**

5. व्यवस्थान्तर्गत वांछनीय बिछायत, प्रकाश, स्टेज ए.सी. एवं ध्वनिक्षेपण व्यवस्था दिनांक 15.04.2026 को अपराह्न 03.00 बजे तक तैयार होना अनिवार्य होगा।
6. इस निविदा के तहत, कोई भी भुगतान, किसी भी व्यवस्था के लिए अग्रिम में नहीं किया जाएगा।
7. जी.एस.टी., संस्था का पंजीकरण संख्या और आयकर पंजीकरण (पैन) की जानकारी, वैच दस्तावेज आगणन (कोटेशन) के साथ प्रस्तुत किया जाना चाहिए।
8. कोटेशन के ऊपर फर्म का जी.एस.टी. क्रमांक लिखा होना अनिवार्य होगा।
9. किसी विश्वविद्यालय, महाविद्यालय आदि किसी अकादमिक संस्थान अथवा किसी सरकारी संस्था में संबंधित क्षेत्र में सफलतापूर्वक सेवाएं दे चुके एवं तीन वर्ष से अधिक अनुभवी आवेदक को वरीयता दी जाएगी। इसके लिए किए गए कार्य का प्रमाण आवश्यक होगा।
10 अनुलग्नक के अनुसार वांछनीय जानकारी के सभी संलग्न कॉलम विधिवत एवं अच्छे तरीके से भरे जाने चाहिएँ तथा प्रत्येक मद की दरें साफ-साफ लिखी जानी चाहिए। निविदा दस्तावेज पर फार्म के अधिकृत व्यक्ति द्वारा ही हस्ताक्षरित होना आवश्यक है।
11 निविदाकर्ता द्वारा अपनी फर्म / एजेन्सी के पत्र-शीर्ष (लेटर हेड) पर पर्याप्त विवरण (डाटा) के साथ एक संक्षिप्त लेख के रूप में अपनी सभी मौजूदा प्रतिबद्धताओं को पूरा करने, निर्धारित समय और समापन के भीतर व्यवस्था करने तथा उनके अनुभव आदि का ब्यौरा प्रस्तुत करना चाहिए।
12. एक बार सामग्री का चुनाव विश्वविद्यालय द्वारा तय किए जाने के बाद फर्म द्वारा तदनुरूप उसकी व्यवस्था संबंधी किसी प्रकार का बदलाव स्वीकार्य नहीं होगा किंतु परिस्थिति एवं आवश्यकतानुसार विश्वविद्यालय के पास किसी भी विशिष्ट प्रकार की मद को चुनने/ बदलने का विशेषाधिकार सुरक्षित है।
13. विश्वविद्यालय किसी भी निविदा को चयन करने हेतु बाध्य नहीं है, उनके द्वारा बिना कारण बताए किसी भी निविदा या निविदा के किसी एक भाग को रद्द किया जा सकता है। इस संबंध में कुलपति, म.गां.अं.हि.वि. वर्धा का निर्णय अंतिम होगा।
14. विश्वविद्यालय निविदाओं, पात्र मापदंड के लिए विनिर्देशों के समर्थन में निविदाकर्ता द्वारा प्रस्तुत सभी मूल दस्तावेजी साक्ष्यों की पुष्टि को सत्यापित कराने का अधिकार सुरक्षित रखता है। किसी भी मामले में निविदाकर्ताओं द्वारा दी गई जानकारी में कोई भी बिंदु झूठा या गलत पाए जाने पर निविदा को खारिज कर दिया जाएगा।

**15. बयाना राशि (इ.एम.डी. राशि):**

क) बिछायत व्यवस्था के लिए राशि ₹ 10,000/- (दस हजार रुपये मात्र) एवं प्रकाश, स्टेज ए.सी. एवं ध्वनिक्षेपण हेतु राशि ₹ 6,500/- (छः हजार पाँच सौ रुपये मात्र) (अलग-अलग से) (ब्याज मुक्त हस्तांतरणीय) केवल डिमाण्ड ड्राफ्ट द्वारा जो, वित्ताधिकारी, महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा के नाम पर देय होने पर ही आगणन (कोटेशन) पर विचार किया जाएगा, जो कि बयाना राशि (इ.एम.डी. राशि) के रूप में निविदाकर्ता द्वारा आगणन के साथ

भेजा जाएगा।

ख) सभी असफल निविदाकर्ताओं की बयाना राशि, निविदा खुलने के 15 दिनों के भीतर और सफल निविदाकर्ता को संतोषजनक कार्य समाप्ति एवं बिल प्राप्ति के 30 दिनों के भीतर लौटा दी जाएगी तथा इस प्रक्रिया के द्वारा बयाना राशि बिना ब्याज के निविदाकर्ता को देय होगी।

ग) कृपया अवगत हों कि निम्नलिखित कारणों से बयाना राशि इस विश्वविद्यालय द्वारा जब्त की जा सकती है:

(01) निविदाकर्ता द्वारा निविदा वापस लिए जाने पर या वैधता अवधि में निविदा का अल्पीकरण अथवा निविदा को खारिज कर दिए जाने पर।

(02) निविदाकर्ता की निविदा खुलने के बाद प्रस्ताव में किसी भी प्रकार का संशोधन करने की स्थिति में।

(03) कार्यादेश में उल्लिखित निर्धारित समय सीमा के भीतर निविदाकर्ता द्वारा व्यवस्था ना किए जाने/असुविधा होने की स्थिति में।

(04) निविदाकर्ता द्वारा दी गई सूचना/प्रमाणपत्र/दस्तावेज किसी भी स्थिति में गलत पाए जाने पर।

16. निविदा में उल्लिखित सामग्री की मात्रा घटाने अथवा बढ़ाने का अधिकार विश्वविद्यालय के पास सुरक्षित रहेगा।

17. कार्यक्रम में अतिविशिष्ट अतिथियों का आगमन संभावित है। अतः ध्वनि और प्रकाश व्यवस्था उपलब्ध कराने वाली फर्म/एजेंसी के पास अग्नि प्रमाणक तथा गुणवत्ता प्रमाणपत्र धारक को वरीयता दी जाएगी।

18. ध्वनि और प्रकाश व्यवस्था के संबंध में प्रयोग की जाने वाली विद्युत तारों को उचित प्रकार से बिछाया जाना आवश्यक होगा ताकि शॉर्ट सर्किट, ओवर लोड जैसी समस्याएं न आएँ।

19. बिछायत व्यवस्थान्तर्गत सुरक्षा के दृष्टिकोण से निकासी हेतु पर्याप्त मात्रा में दरवाजों की व्यवस्था होना आवश्यक है।

20 बिछायत से संबंधित समस्त सामग्री (सोफा, पर्दें, कारपेट, कुर्सी, मेज आदि) की गुणवत्ता के साथ-साथ सफाई की उचित व्यवस्था तथा निर्देशित जगह पर रखवाने की जिम्मेदारी निविदाकर्ता की होगी।

21 बिल का भुगतान साधारणतः 30 दिनों के भीतर कर दिया जाएगा। ऑनलाइन भुगतान हेतु निविदाकर्ता को बैंक विवरण प्रस्तुत करना होगा।

22 बिल का भुगतान संबंधित कार्य संतोषजनक सम्पन्न होने तथा वास्तविक उपयोगिता के आधार पर किया जाएगा।

23 व्यवस्था के दौरान किसी भी प्रकार की हानि व क्षति की जिम्मेदारी निविदाकर्ता की स्वयं की होगी।

24 इस संबंध में भारत सरकार, महाराष्ट्र शासन, वर्धा जिला प्रशासन, अग्निशमन विभाग, श्रम विभाग आदी अन्य प्रशासनिक प्राधिकरणों द्वारा समय-समय पर जारी समस्त नियमों/ निर्देशों के सभी प्रकार से अनुपालन का सम्पूर्ण उत्तरदायित्व संबंधित निविदाकर्ता फर्म का ही होगा तथा किसी प्रकार की अनापत्ति प्रमाणपत्र की आवश्यकता होने पर प्रशासनिक नियमानुसार निविदाकर्ता द्वारा ही ली जायेगी।

25 इस निविदा में यदि कोई भी बदलाव अथवा संशोधन होता है तो उसे केवल विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.hindivishwa.org पर दिया जाएगा। कृपया अद्यतन जानकारी हेतु विश्वविद्यालय की वेबसाइट का अवलोकन करें।

26 किसी भी विवाद की स्थिति में न्याय क्षेत्र वर्धा (महाराष्ट्र) होगा।

कादर नवाज़
(कुलसचिव)
27/03/26

(21)



ज्ञान शांति मैत्री

# महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय

पोस्ट हिंदी विश्वविद्यालय, गांधी हिल्स, वर्धा (महाराष्ट्र), भारत

निविदा सं. : एम.जी.ए.एच.वी./04/परी/दी.स.स./2026/27/01 दिनांक: 27.03.2026

## निविदा प्रपत्र (निविदाकर्ता द्वारा भरा जाए)

1. कार्य की प्रकृति : ..............................................................................................

2. निविदाकर्ता का पूरा नाम : ..............................................................................................

3. निविदाकर्ता का (पंजीकृत) पूरा पता: ..............................................................................................
..............................................................................................
..............................................................................................(सत्यापित प्रमाण संलग्न है/नहीं) ☐

4. दूरभाष /अथवा मोबाइल नं. : ..............................................................................................

5. ई-मेल : ..............................................................................................

6. फर्म नामांकन संख्या (तिथि सहित): ..............................................................................................(सत्यापित प्रमाण संलग्न है/नहीं) ☐

7. पैन (तिथि सहित) : .............................................................. ..........(सत्यापित प्रमाण संलग्न है/नहीं) ☐

9. जी.एस.टी. नं. : .............................................................. ..........(सत्यापित प्रमाण संलग्न है/नहीं) ☐

10. कार्यानुभव (वर्षों में) : .............................................................. ..........(सत्यापित प्रमाण संलग्न है/नहीं) ☐

11. अग्नि प्रमाणक प्रमाणपत्र : .............................................................. ..........(सत्यापित प्रमाण संलग्न है/नहीं) ☐

12. गुणवत्ता प्रमाणपत्र : .............................................................. ..........(सत्यापित प्रमाण संलग्न है/नहीं) ☐

---

- ❖ रिक्त स्थान ☐ में संबंधित प्रमाण संलग्न किए जाने की स्थिति में व नहीं होने की स्थिति में √ का निशान आवश्य लगाएँ।
- ❖ निविदा फार्म में सभी वांछनीय अभिलेखों पर निविदाकर्ता के पूर्ण अथवा लघु हस्ताक्षर होना आवश्यक है।
- ❖ अनुलग्नक (Annexure)-1 एवं अनुलग्नक (Annexure)-II के समस्त दस्तावेज लिफाफा |1| में रखें।

---

**प्रमाणित किया जाता है कि उपरोक्तानुसार दी गई संपूर्ण जानकारी पूर्णत: मूल दस्तावेजों के अनुसार एवं सत्य है।**

दिनांक : ....................

स्थान : ....................

**निविदाकर्ता के हस्ताक्षर एवं मोहर**

ज्ञान शांति मैत्री

# महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय

पोस्ट हिंदी विश्वविद्यालय, गांधी हिल्स, वर्धा (महाराष्ट्र), भारत

निविदा सं. : एम.जी.ए.एच.वी./04/परी/दी.स.स./2026/27/01 दिनांक: 27.03.2026

**अनुलग्नक (Annexure)-II**

**निविदा शुल्क संबंधी विवरण**
**(निविदाकर्ता द्वारा भरा जाए)**

**डिमांड ड्राफ्ट का विवरण:**

1. निविदा शुल्क **राशि ₹ 500/- (पाँच सौ रुपये मात्र)** (वापस नहीं किया जाएगा) -
   डिमांड ड्राफ्ट संख्या ......................................................
   डिमांड ड्राफ्ट की तिथि.....................................................
   जारीकर्ता बैंक व शाखा.....................................................
2. ई. एम.डी **राशि ₹10,000/- (दस हजार रुपये मात्र)** बिछायत व्यवस्था आदि हेतु।
   (बिना व्याज के वापस की जाएगी)-
   डिमांड ड्राफ्ट संख्या ..........................................................
   डिमांड ड्राफ्ट की तिथि ......................................................
   जारीकर्ता बैंक व शाखा.......................................................
3. ई.एम.डी **राशि ₹6,500/- (छः हजार पाँच सौ रुपये मात्र)** प्रकाश स्टेज ए.सी. एवं ध्वनिक्षेपण आदि व्यवस्था हेतु।
   (बिना व्याज के वापस की जाएगी) -
   डिमांड ड्राफ्ट संख्या ..........................................................
   डिमांड ड्राफ्ट की तिथि.......................................................
   जारीकर्ता बैंक व शाखा.......................................................

---

⇨ **अनुलग्नक** (Annexure)-II एवं संबंधित समस्त दस्तावेज लिफाफा | 1] में रखें।

---

**संलग्नक : उपरोक्तानुसार डिमांड ड्राफ्ट मूल रूप में संलग्न हैं।**

दिनांक : ..............
स्थान: ...............

**निविदाकर्ता के हस्ताक्षर एवं मोहर**

ज्ञान शांति मैत्री

# महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय

पोस्ट हिंदी विश्वविद्यालय, गांधी हिल्स, वर्धा (महाराष्ट्र), भारत

निविदा सं. : एम.जी.ए.एच.वी./04/परी/दी.स.स./2026/27/01 दिनांक: 27.03.2026

**अनुलग्नक (Annexure)-III**

## (क) बिछायत व्यवस्था आदि हेतु अपेक्षित सामग्री

| दीक्षांत समारोह एवं अन्य कार्यक्रम हेतु (दिनांक 16.04.2026) | | | |
|---|---|---|---|
| अ | वांछनीय/अपेक्षित सामग्री | मात्रा (अनुमानित) | दर प्रति नग प्रति फीट (01 दिन के लिए) जी.एस.टी. सहित |
| 1. | मंडप वाइट+ झालर (60 फीट x 80 फीट) | 01 | |
| 2. | हॉल में सीलिंग (110x120) + Stage Ceilling | 01 | |
| 3. | बॉक्स गेट (Box Type Gate) | 01 | |
| 4. | विंग्स (5x12) | 04 | |
| 5. | मेटिंन (पीबीसी) | आवश्यकतानुसार | |
| 6. | ग्रीन/रेड कारपेट | आवश्यकतानुसार | |
| 7. | साईडिंग Hall & Stage | आवश्यकतानुसार | |
| 8. | ड्रेसिंग टेबल | 02 | |
| 9. | प्लास्टिक कुर्सी | 500 | |
| 10. | सोफा स्टील (कवर के साथ) | 20 | |
| 11. | ब्लैक/ब्लू कर्टन | आवश्यकतानुसार | |
| 12. | बैक ड्राप (70x25) | आवश्यकतानुसार | |
| 13. | बफे टेबल | आवश्यकतानुसार | |
| 14. | गोल टेबल (कवर के साथ) | आवश्यकतानुसार | |
| 15. | वाश बेसिन | आवश्यकतानुसार | |
| 16. | सफेद चादर | आवश्यकतानुसार | |
| 17. | झंडा | आवश्यकतानुसार | |
| 18. | कुंडी | आवश्यकतानुसार | |
| 19. | डस्ट बीन | आवश्यकतानुसार | |
| 20. | साइड वॉल कटींग | आवश्यकतानुसार | |
| 21. | ब्रेकेटींग (मोत्झो 4 x 8 per running feet) | आवश्यकतानुसार | |
| 22. | ब्रेकेटींग (बंबु + बल्ली) | आवश्यकतानुसार | |
| 23. | महाराजा कुर्सी (अच्छी वाली) | आवश्यकतानुसार | |
| 24. | फुलों की सजावट (आवश्यकतानुसार) | आवश्यकतानुसार | |
| 25. | डायस | आवश्यकतानुसार | |
| 26. | पंडाल (डायनिंग मंडप 30 x60 per sq.ft.) | आवश्यकतानुसार | |
| 27. | लकड़ी की कुर्सियाँ | 1000 नग | |

## (ख) प्रकाश, स्टेज ए.सी. एवं ध्वनिक्षेपण आदि हेतु सामग्री

| दीक्षांत समारोह एवं अन्य कार्यक्रम हेतु (दिनांक 16.04.2026) | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| अ | वांछनीय/अपेक्षित सामग्री | मात्रा (अनुमानित) | दर (प्रति नग) जी.एस.टी. सहित | | |
| 1. | टॉप बिन स्पीकर (JBL/RCF/Dual) | 04 | | | |
| 2. | बास बिन स्पीकर(JBL/RCF/Dual) | 02 | | | |
| 3. | कॉर्डलेस माईक (Shure/Shinazore) | 04 | | | |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 4. | पोडियम माईक (Ahuja/Shure) | 02 | | | |
| 5. | क्रॉसओवर (DBX/Bariyal) | 01 | | | |
| 6. | माइक (Shure SM58) or others | 04 | | | |
| 7. | माइक/कन्सोल 24 Channel (Yamaha Shinazore Sound Craft) | 01 | | | |
| 8. | स्नेक केबल 24 Channel | 02 | | | |
| 9. | पावर एम्प्लीफायर<br>1)5000wt- A Plus<br>2) 4000wt- A Plus<br>3) 3000wt- A Plus<br>4) 3000wt- A Plus | सेट | | | |
| 10. | स्टेज मॉनिटर<br>1) पावर मॉनिटर 2) विदाउट पावर | 02 | | | |
| 11. | अल्ट्रा वायलेट | 02 | | | |
| 12. | पॉवर पैक/कन्सोल (पल्सर) | 10 चैनल्स | | | |
| 13. | एल.ई.डी. लाईट्स | 25 | | | |
| 14. | जनरल हैलोजन 1000 वाट | 03 | | | |
| 15. | हैलोजन (सफेद) | आवश्यकतानुसार | | | |
| 16. | जनरेटर सेट (125 KV, बिना डीजल) | 01 | | | |
| 17. | पंखा (Silent Fan) | आवश्यकतानुसार | | | |
| 18. | पंखा (Mist Fan) | आवश्यकतानुसार | | | |
| 19. | कूलर | आवश्यकतानुसार | | | |
| 20. | ए.सी. (Stand Stage AC, 2 Ton) | 04 | | | |
| 21. | ए.सी. (Stand Stage AC, 3 Ton) | 04 | | | |
| 22. | लैपटॉप/डेस्कटॉप (लाइव स्ट्रीमिंग एवं रिकॉर्डिंग नियंत्रण हेतु) | 02 यूनिट | | | |
| 23. | मॉनीटर (HDMI Port के साथ) | 02 यूनिट | | | |
| 24. | HDMI ट्रांसमीटर एवं रिसीवर | 04 यूनिट | | | |
| 25. | वीडियो स्विचर | 01 यूनिट | | | |
| 26. | वीडियो कैप्चर कार्ड | 04 यूनिट | | | |
| 27. | यूपीएस/ पावर बैकअप व्यवस्था | 02 यूनिट | | | |
| 28. | एक्सटेंशन केबल, कनेक्टर्स एवं तकनीकी सहायक सामग्री | आवश्यकतानुसार | | | |
| 29. | ट्रस्ट | आवश्यकतानुसार | | | |

प्रमाणित किया जाता है कि मैने उपर्युक्त विषयक महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय द्वारा दी गई निविदा की समस्त सूचना, शर्तें एवं स्थितियों पढ़ ली हैं एवं उनसे पूर्णतया सहमत हूँ।

⇨ अनुलग्नक (Annexure)-III एवं संबंधित समस्त दस्तावेज लिफाफा | [2] में रखें एवं समस्त लिफाफों को एक बड़े लिफाफे में रखकर भेजें।।

दिनांक : …………..

स्थान: ……………

**निविदाकर्ता के हस्ताक्षर एवं मोहर**